## प्रेस नोट जनपद सिद्धार्थनगर- दिनांक- 30.01.2023

**जनपद में विधान परिषद चुनाव को शांन्ति एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

आज दिनांक 30-01-2023 को अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में हो रहे विधान परिषद चुनाव को शांन्ति एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## प्रेस नोट साईबर सेल, सिद्धार्थनगर दिनांक 30-01-2023

**गेम मे पैसा डबल करने के नाम पर बैंक खाते से फ्राड हुए शत-प्रतिशत धनराशि ₹ 19,600/- को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस |**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल सुबाष यादव व टीम साइबर सेल द्वारा प्रियांक पाण्डेय ग्राम बरहपुर थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए प्रियांक पाण्डेय के खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये 19600/- वापस कराये गए।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

शिकायतकर्ता प्रियांक पाण्डेय ग्राम बरहपुर थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके गेम मे पैसा डबल करने के नाम पर रूपये 19,600 का फ्रॉड कर अपने खाते मे जमा करा लिया गया। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया। उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दिया। शिकायत पर साइबर सेल की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 29/01/2023 प्रियांक पाण्डेय के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹ 19600/- वापस कराया गया | साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए प्रियांक पाण्डेय द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी |

**नोट- साइबर सेल सिद्धार्थनगर की टीम द्वारा 01.01.2022 से अब तक कुल धनराशि रूपये 26,40,738/-** शिकायतकर्ताओं के खातों में वापस कराये जा चुके हैं।

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-**

1- निरीक्षक सुबाष यादव, प्रभारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
2- उप0निरीक्षक हरीओम कुशवाहा, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
3- मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।
4- आरक्षी अजय यादव साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

5- आरक्षी आशुतोष जायसवाल साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

6- आरक्षी राहुल मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

7- आरक्षी शिवम् मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

**साइबर क्राइम से कैसे बचे-**

1–साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें। जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादी।

2–ईमेल, मैसेजिंग ऐप या इन्सटैंट मैसेंजर पर प्राप्त लिंक्स पर क्लिक करने से पहले सावधान रहें और यदि आप उनकी सत्यता पर विश्वास नही करते, तो हमेशा भेजने वाले या उनकी आधिकारिक हेल्पलाइन से संपर्क करें। जैसे कि बैंक, दूरसंचार ऑपरेटर, बीमा कंपनी आदि।

3–अपने पासवर्ड को जटिल रखें ( अर्थात अक्षरों – जैसे a, b, c, संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरों – जैसे @, #, % को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

4–वेब पेज पर अपनी जानकारी दर्ज करने से पहले, वेबसाइट के लिंक की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि वेब पता https (“s”  से सुरक्षित) से शुरु होता है और एक बन्द ताले के निशान को भी देखें।

5–ऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/ मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।

6–साइबर अपराध होने पर सूचना तत्काल हेल्प लाईन नं0 1930 पर व पुलिस दें । 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।

7-सिम ब्लाक/एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें।

8-फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।

9-ओएलएक्स पर कोई भी वाहन/सामान खरीदने वाले व्यक्ति को बेंचने वाले व्यक्ति द्वारा यदि अपना कोई सरकारी आई-कार्ड/कैंटीन कार्ड डाला गया है तो उसे चेक कराने के बाद ही लेन-देन करें।

10-अधिक सहायता हेतु साइबर क्राइम सेल सिद्धार्थनगर के मो0न0 8181818200  एवं 8354096891 पर सम्पर्क करें।

🚨साइबर ठगों से सावधान! 🚨 जानकारी और जागरूकता ही बचाव है।

#BeCyberSafe  #GoodJobCop #UPPolice

## प्रेस नोट - थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 30.01.2023

**थाना कठेला समयमाता पुलिस द्वारा ₹ 10,000/- इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर एवं जयराम क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में संतोष कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 477 / 22 धारा 3(1 ) यूपी गैंगस्टर एक्ट में संबंधित वांछित, 10,000/- का इनामियां अभियुक्त शक्तिपाल पुत्र हरिश्चंद्र निवासी सेमरी खान कोट थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

श्री संतोष कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता
उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव
उप निरीक्षक विजय प्रताप
उपनिरीक्षक अजय कुमार
आरक्षी रामसेवक
आरक्षी सत्य वेदी सिंह

## प्रेस-नोट दिनांक 30-01-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

### आपरेशन त्रिनेत्र के तहत कुल 07 कैमरें के निगरानी में रहेगा ग्राम कटबंध

आज दिनांक 30.01.2023 को श्री अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन गोरखपुर के अभियान त्रिनेत्र के तहत श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व श्री देवी गुलाम, क्षेत्राधिकारी बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में श्री राजेश कुमार शुक्ला थानाध्यक्ष थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई के ग्राम कटबंध में 03 कैमरें पोल पर ग्राम प्रधान मो0 यूसुफ कटबंध के सौजन्य से आने जाने वाले रास्ते पर व्यक्तियों की निगरानी हेतु ग्राम सभा के प्रवेश द्वार पर लगवाये गये व , सत्यम मणि त्रिपाठी जी के घर 04 कैमरे आने जानें वालो रास्तों की निगरानी हेतु लगवाए गए उपरोक्त सभी लोगों को सम्मानित कर भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

## प्रेस नोट सिद्धार्थनगर महोत्सव खोया पाया केन्द्र 30-01-2022

**सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सिद्धार्थनगर महोत्सव मेला क्षेत्र में स्थापित खोया पाया केन्द्र टीम द्वारा अभिनव प्रयास कर बिछड़े बच्चो को उनके परिजनों से मिलवाया गया।**

वर्तमान में जनपद में आयोजित सिद्धार्थनगर महोत्सव 2023 में जनपद के कोने कोने से भारी संख्या में लोग मेला में आ रहे हैं, जिनमें बच्चे, बूढ़े, बुजुर्ग सभी सम्मिलित हैं। मेला क्षेत्र में भारी भीड़ होने से प्रायः लोग अपने परिजनों से बिछुड़ जाते हैं जिनकी सहायता हेतु अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र में कंट्रोल रुम के बगल में (UP112 स्टाल के पास) खोया-पाया केन्द्र स्थापित किया गया है जिसके माध्यम से निरन्तर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा एनाउन्स' करते हुये बिछड़ों को उनके परिजनों से मिलवाने में मदद की जा रही है। जिसके क्रम में खोया-पाया केन्द्र पुलिस टीम द्वारा अभिनव प्रयास कर दिनांक 29-01-2023 को मेला क्षेत्र में खोयी चांदनी वर्मा पुत्री विजय शंकर वर्मा निवासी ग्राम हंसरौली थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर व राशिद पुत्र फरीद अहमद सल्फी निवासी ग्राम भीटपरा थाना लोटन की तलाश कर उनके परिजनों से मिलवाया गया।

सम्पर्क सूत्र- 9450885035

**खोया पाया केन्द्र पुलिस टीम का विवरण-**

01- उ0नि0 उमाशंकर सिंह प्रभारी खोया पाया केन्द्र

02- आरक्षी उमाशंकर सिंह

03- आरक्षी अभिषेक जायसवाल

04- आरक्षी हरिकेश पासवान

05- आरक्षी अतुल सिंह

06- म0आरक्षी अंबिका

## प्रेस नोट यू0पी0 112 सिद्धार्थनगर दिनांक 30.01.2023

**जनपद सिद्धार्थनगर यू0पी0 112 की पीआरवी0 1520 की टीम द्वारा अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरी स्कार्पियो सवार 14 व्यक्तियों को त्वरित सहायता पहुंचाकर बचाया गया।**

जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

पीआरबी-1520

थानापथरा बाजार-

इवेंट नंबर-00697

समय-06:20

दिनांक-30.01.2023

कालर -राकेश कुमार साहनी घटनास्थल-

घटना का प्रकार -

"कालर राकेश कुमार साहनी द्वारा प्राप्त इवेंट सं के अन्तर्गत 0697 0मजार से वापस आ रही स्कोर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर थानाक्षेत्र पथरा बाजार में झझराव पुल के आगे सड़क से नीचे खाई में गिर गई। उक्त गाड़ी में कुल 14 लोग सवार थे जो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीआरबी की टीम 1520 द्वारा त्वरित सहायता प्रदान करते हुये तत्काल तीन एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को बेवा प्राथमिक अस्पताल लाकर मे भर्ती कराया गया तथा घायलों के परिजनों को सूचित किया गया। उ112 पुलिस की आक्समिक सेवा 0प्र0 की पीआरबी टीम 1520 की तत्परता से समस्त घायलों की जान बचाई गयी"

पीआरवी स्टाफ

कमांडरहे-0का0- नागेंद्र यादव

मो0न0-9519333178

सब कमांडरका -0-राकेश कुमार साहनी

चालकहो-0गा0-विंनोद मिश्रा

## प्रेस नोट दिनांक 30.01.2023 थाना मोहाना, सिद्धार्थनगर

**थाना मोहाना पुलिस द्वारा02 अदद चोरी के बकरे के साथ चोर को किया गया गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर व अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मोहाना संतोष कुमार सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 30.01.2023 को अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एक व्यक्ति को चोरी के02 बकरो के साथ गिरफ्तार किया गया और गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 26/23 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त समसाद

अहमद पुत्र सेराज अहमद सा0 खलीलपुर टोला परसा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार करके आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

01.समसाद अहमद पुत्र सेराज अहमद सा0 खलीलपुर टोला परसा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 20 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2. उ0नि0 सभाशंकर यादव चौकी प्रभारी शुद्धोधन थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
3. हे0का0 शैलेन्द्र गिरी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।